लखनऊ विकास प्राधिकरण

की बैठक दिनांक 23 फरवरी 96

को

कार्य-सूची

लखनऊ विकास प्राधिकरण

६, जगदीश चन्द्र बोस मार्ग,
ल ख न ऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 23 फरवरी, 1996 में विचारणीय विषयों की विषय-सूची

क्रम सं0	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 9 नवम्बर, 1995 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।	01
2.	गोमती नगर योजना तथा लखनऊ-रायबरेली रोड के मध्य प्रस्तावित 60.00 मीटर चौड़े रिंग रोड एवं सुनियोजित विकास योजना के अन्तर्गत उसके दोनो तरफ की भूमि का अर्जन ।	16
3.	ताज होटल के समीप गोमती नदी पर प्रस्तावित पुल का निर्माण बी.ओ.टी. के आधार पर करने के सम्बन्ध में।	37
4.	गोमती नगर योजना के टाउन सेन्टर (विभूति खण्ड) मे प्रस्तावित संस्थागत भू-उपयोग के बदले विराज खण्ड जिसका भू-उपयोग संस्थागत है, मे से 50 एकड़ भूमि टाउन सेन्टर मे परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में।	62

विषय सँख्याः 1 पृष्ठ सँख्याः 1 ए

विषयः लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक

दिनाँक 9 नवम्बर 1995 के

कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

की बैठक दिनाँक 9 नवम्बर, 1995

का कार्यवृत्त पुष्टि हेतु संलग्न है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 9 नवम्बर, 1995 का कार्यवृत्त

उपस्थित :

1.	श्री अतुल कुमार गुप्ता	अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं आयुक्त, लखनऊ मण्डल।
2.	श्री एस. आर. लाखा	उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
3.	श्री प्रदीप शुक्ला	जिलाधिकारी, लखनऊ।
4.	श्री एस. के. सिन्हा	संयुक्त सचिव, उ. प्र. शासन, वित्त विभाग।
5.	श्री हरे कृष्ण शर्मा	मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6.	श्री पी. के. पाण्डे	मुख्य अभियन्ता, जलनिगम, लखनऊ।
7.	श्री एम. ए. ए. खान	सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।

विषय संख्या : 1 — लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 13 मई, 1995 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

निर्णय : — कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

विषय संख्या : 2 — लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 13 मई, 1995 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

निर्णय : — प्रस्तुत की गई अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया तथा कुछ बिन्दुओं पर निम्नांकित निर्णय लिये गये :-

1. विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 29 दिसम्बर, 94 में लिये जा चुके निर्णय के क्रम में निर्देशित किया गया कि नीपियर रोड में डा. अतुल खन्ना को भूखण्ड परिवर्तित कर दिया गया है रिक्त भूखण्ड पर से अनाधिकृत अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाये।

2. 21 जनवरी, 94 एवं 29 दिसम्बर, 1994 में लिये गये निर्णय के क्रम निर्देश दिये गये कि अलीगंज योजना के हाइटेन्शन लाइन से आच्छादित भूखण्डों को अन्यत्र समायोजित कर दिया जाये तथा आच्छादित क्षेत्र पर पार्क का विकास शीघ्र कराया जाये जिससे अतिक्रमण न हो सके।

3. कालविन कालेज की भूमि के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया कि अब कालविन कालेज का प्रबन्धक मण्डल भूमि देने हेतु इच्छुक नही है, अतः इस प्रकरण को समाप्त किया जाता है परन्तु यह देख लिया जाये कि इस नजूल भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध मे शासन ने क्या निर्णय लिया है तथा प्राधिकरण द्वारा क्या कोई धनराशि धनसंश इस पर व्यय तो नही की गई है।

4. प्राधिकरण की बैठक दिनांक 29.12.94 के विषय संख्या:11 पर प्रस्तुत किये गये श्रीराम व्यावसायिक केन्द्र से सम्बन्धित प्रकरण पर निर्णय लिया गया कि पन्द्रह दिनो मे कार्यवाही पूर्ण की जाये।

5. प्राधिकरण की बैठक 29.12.94 के विषय संख्या:22 के अन्तर्गत गोमती नगर योजना मे भूमि अधिग्रहण किये जाने के प्रस्ताव पर गठित उपसमिति की बैठक आवश्यकतानुसार यथा-समय कर ली जायेगी।

6. प्राधिकरण की बैठक 29.12.94 के अनुपूरक विषय संख्या:10 के अन्तर्गत लखनऊ नगर की भविष्य की जलापूर्ति हेतु अन्डर ग्राउन्ड वाटर स्टडी की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

7. 29.12.94 के अनुपूरक विषय संख्या: 11 के अन्तर्गत गाजियुद्दीन हैदर केनाल के ऊपर एलीवेटेड एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण से सम्बन्धित निर्णय के क्रियान्वयन को स्थगित किया गया।

8· विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 9 फरवरी, 95 के विषय संख्या:3 के अन्तर्गत उ·प्र· आवास विकास परिषद के इन्दिरा नगर, विकास नगर आदि क्षेत्रों को नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 के प्राविधानों के अन्तर्गत प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र में सम्मिलित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर यथा-समय विचार किया जायेगा।

9· 9 फरवरी, 95 में अनधिकृत निर्माण से सम्बन्धित अपराधो के शमन हेतु संशोधित उपविध 1994 के सम्बन्ध मे प्रस्तुत प्रस्ताव के विषय मे निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण की आगामी बैठक मे प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

10· 9 फरवरी, 95 के विषय संख्या: 9 पर गोमती नगर योजना मे क्लब के निर्माण से सम्बन्धित गठित उपसमिति का पुनरीक्षण करते हुए उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता मे समिति गठित की गई। इस समिति मे मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ·प्र· तथा इस क्षेत्र में निपुणता प्राप्त 2 विशेषज्ञ होंगे। विशेषज्ञों का चयन, उपाध्यक्ष व्दारा स्वयं किया जायेगा। यह भी निर्देश दिये गये कि गठित समिति शीघ्र अपनी बैठक कर संस्तुतियां प्रस्तुत करें।

11· 9 फरवरी, 95 के विषय संख्या: 13 अवध जिम खाना क्लब के निकट स्थित नजूल भूमि के सम्बन्ध मे उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया कि वे उक्त स्थल की उपयोगिता को दृष्टिगत रखकर इसके सदुपयोग हेतु विचार करें।

12· 9 फरवरी, 95 के विषय संख्या: 14 कानपुर रोड योजना के अन्तर्गत राजा बिजली पासी ट्रस्ट को भूमि दिये जाने का उच्च स्तर पर औचित्य नहीं पाया गया जिसके क्रम मे शासन को सूचना प्रेषित कर दी गई है। यह भी निर्देश दिये गये कि कानपुर रोड योजना के अन्तर्गत 19·327 एकड़ भूमि को आवासीय से हरित पट्टी मे तथा उतने ही क्षेत्रफल की हरित पट्टी की भूमि को आवासीय किये जाने का जो प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, ~~के अनुसार कार्यवाही की जाये।~~
की सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाय।

13. 9 फरवरी, 95 के विषय संख्या:17 डा. बी.आर.अम्बेदकर विश्वविद्यालय परिसर हेतु 226.45 एकड़ भूमि की व्यवस्था के प्रकरण पर निर्णय लिया गया कि सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को एक पत्र भेज दिया जाये कि उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन का अधिकार, आवास विभाग उत्तर प्रदेश शासन मे निहित है। यदि सम्बन्धित भूमि विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित की जाती है तब प्राधिकरण द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन मे कोई आपत्ति नही है। तद्नुसार आवास विभाग, उ.प्र.शासन अग्रिम कार्यवाही करेगा।

14. 9 फरवरी, 95 के विषय संख्या: 18 पर प्रस्तुत अधिकांशत भूखण्ड संख्या: 285, मौजा इशादत नगर के सम्बन्ध मे निर्देश दिये गये कि उक्त स्थल से चिन्हित अतिक्रमण को शीघ्र हटवाकर वहाँ चहारदीवारी बनवाई जाये।

15. 9 फरवरी, 95 के अनुपूरक विषय संख्या: 12 सिन्डर्स डम्प योजना, आलमबाग मे अन्तीजला बस टर्मिनस निर्माण से सम्बन्धित निर्णय के क्रम मे अवगत कराया गया कि पूर्व मे इस हेतु जो योजना बनाई गई थी उसपर बिल्डर्स द्वारा विशेष रूचि नही दिखाई गई। यह निर्णय लिया गया कि उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण बिल्डर्स ऐसोसियेशन के साथ विचार विमर्श करके यह देख लें कि क्या पूर्व मे बनाई गई योजना मे कुछ संशोधनो की आवश्यकता है जिससे बिल्डर्स योजना के प्रति आकर्षित हो सकें। उपाध्यक्ष, ल.वि.प्रा. इस सम्बन्ध मे डेढ़ माह के अन्दर अपनी संस्तुति प्रस्तुत करेगें ताकि तद्नुसार आफर मांगे जा सकें।

16. इनकेन कन्स्ट. लि. एवं मीरट डेव. ऐण्ड का. प्रा.लि. द्वारा 5 ए,बी, लालबहादुर शास्त्री मार्ग पर ग्रुप-हाउसिंग के निर्माण से सम्बन्धित प्रकरण प्राधिकरण की बैठक दिनांक 13.5.95 के अनुपूरक विषय संख्या:14 पर प्रस्तुत किया गया था। कार्यालय भवन क्षेत्र मे आवासीय भवन हेतु भू-आच्छादन 30 प्रतिशत तथा एफ.ए.आर. 150 की स्वीकृति प्राधिकरण द्वारा प्रदान कर दी गई थी परन्तु निर्णयानुसार पत्रावली पर अध्यक्ष महोदय का अनुमोदन प्राप्त किया जाना अवशेष था। इसी मध्य पक्ष द्वारा अपना प्रस्ताव परिवर्तित कर दिया गया तथा मांग की गई कि स्थल का भू-उपयोग परिवर्तन जी-2 से आवासीय क्षेत्र आर-2 मे परिवर्तित कर दिया जाये। यह अधिकार आवास विभाग, उ.प्र.शासन मे निहित है। विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि भू-उपयोग परिवर्तन से सम्बन्धित मामला आवास विभाग, उ.प्र.शासन को प्राधिकरण द्वारा सन्दर्भित कर दिया जाये।

विषय संख्याः 3 — लखनऊ विकास प्राधिकरण का मूल आय-व्ययक 1995-96

निर्णयः — निम्नांकित निर्देशों के साथ प्रस्तुत आय-व्ययक, 1995-96 पर स्वीकृति प्रदान की गईः

1. भू-अर्जन के प्रतिकर की देनदारियों के सम्बन्ध में शासन स्तर पर बैठक हुई है तथा भुगतान-सारणी निर्धारित होनी है, निर्णय लिया गया कि यदि आवश्यकता हो तो भुगतान सारणी के अनुसार आय-व्ययक में प्राविधान कर लिया जाये।

न्यायालयों के आदेशों के अनुसार भी भुगतान हेतु आवश्यक प्राविधान कर लिये जायें।

2. प्राधिकरण की अगली बैलेन्स शीट आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

3. अधिष्ठान मद में कुछ यथा-सम्भव कटौती किये जाने का मत व्यक्त किया गया।

4. सीवेज डिस्पोजल के मद में किये गये प्राविधानों के सम्बन्ध में यह सुझाव दिया गया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जो योजनायें बनाई गई है उनमें गोमती ऐक्शन प्लान में किये गये प्राविधानों के अनुसार संशोधन कर लिया जाये क्योंकि सीवेज डिस्पोजल अब गोमती नदी में ही किया जाना है। इस कार्य हेतु मुख्य अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण को नोडल अधिकारी नामित किया गया।

विषय संख्याः 4 — अभियन्त्रण कार्यों की भौतिक प्रगति आख्या।

निर्णयः — प्रस्तुत की गई प्रगति आख्या का अवलोकन किया गया तथा निम्नांकित निर्देश दिये गयेः

1. जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण होने की तिथि निर्धारित है एवं मूल्य में वृद्धि किये जाने पर रोक है, वहां से सम्बन्धित लम्बित बिलों का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाये तथा उसकी मानीटरिंग की जाये कि वे निर्माण/विकास कार्य निश्चित समय में पूर्ण हो जायें।

2. जिन सम्पत्तियों का विक्रय केशसेल पद्धति के अन्तर्गत किया गया है, उनके अवशेष निर्माण विकास कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

3. आवंटित सम्पत्ति का कब्जा दिये जाने की कार्यवाही सम्पत्ति विभाग तथा अतिक्रमण विभाग की टीम बनाकर अभियान के रूप में एक माह के अन्दर पूर्ण कराई जाये।

4. आवंटित आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों पर निर्धारित अवधि के अन्दर अथवा आठ वर्ष या अधिक समय तक निर्माण कार्य पूर्ण न करने, आवंटित दुकानों में व्यवसाय न प्रारम्भ करने की दशा में आवंटियों को नोटिस देकर उनके निरस्तीकरण एवं पुर्नआवन्टन की कार्यवाही शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये गये।

विषय संख्याः 5 — लखनऊ विकास प्राधिकरण की योजनाओं में लीज पर आवंटित भवनों/भूखण्डों को फ्री-होल्ड में परिवर्तित किये जाने से सम्बन्धित।

निर्णयः — प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि स्कूलों, अस्पतालों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं जिनको रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराई गई है, उनमें फ्री-होल्ड करने की कार्यवाही न की जाये। शासन को तद्नुसार संस्तुति भेज दी जाये। व्यवसायिक भूखण्डों की भूमि को लीज-होल्ड से फ्री-होल्ड किये जाने की कार्यवाही की जाये परन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि नीलाम के समय जो सेट-बैक, डेन्सिटी व एफ.ए.आर. उस भूखण्ड के लिये दिया गया है उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा।

विषय संख्याः 6 — डाकूमेन्टेशन एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर की स्थापना हेतु भूमि के आवन्टन से सम्बन्धित।

निर्णयः — विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि इन्स्टीट्यूशनल एरिया की भूमि के आवन्टन के सम्बन्ध में एक नीति निर्धारित कर ली जाये और उपलब्ध भूमि का नियोजन कर लिया जाये। इस सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा बनाये गये नियमों का भी अध्ययन कर लिया जाये तत्पश्चात् प्रस्ताव में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाये कि किन-किन संस्थाओं को किन प्रयोजनों हेतु किस दर पर भूमि आवंटित की जानी है। सम्बन्धित प्रस्ताव प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

विषय संख्याः 7 — कानपुर रोड योजना/शारदा नगर योजना में प्राइवेट बिल्डर्स को लाइसेन्स पर आवंटित भूमि से सम्बन्धित।

निर्णय : — प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि जिस भूमि का कब्जा बिल्डर्स को नहीं दिया गया है उसके लिये यह विकल्प रखा जाये कि यदि बिल्डर्स द्वारा वाह्य विकास व्यय इस समय नहीं दिया जाता है तो जिस समय उन्हे कब्जा दिया जायेगा, तब वाह्य विकास शुल्क की पुरानी दर न लेकर कब्जा देते समय की नई वाह्य विकास दर बिल्डर्स को देनी होगी। इसी प्रकार यदि कोई भूमि बिल्डर्स स्वयं अर्जित करता है और उसकी बाउन्ड्री के अन्तर्गत भूमि आती है तब उस पर भी वाह्य विकास व्यय मौजूदा लागत से देना होगा।

विषय संख्याः 8 — गोमती नगर योजना में टेनिस काम्पलेक्स की स्थापना हेतु भूमि के आवन्टन से सम्बन्धित।

निर्णय : — विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि टेनिस काम्पलेक्स के निर्माण हेतु आवासीय दर की 10 प्रतिशत दर से भूमि उपलब्ध करा दी जाये।

विषय संख्याः 9 के सम्बन्ध में । — नेहरू इनक्लेव स्थित गोमती नगर के भवनों की हायर परचेज किश्त

निर्णयः — प्रस्ताव वापस लिया गया।

विषय संख्याः 10 — गोमती नगर योजना के विराम खण्ड-1 व 2 में भूखण्डों पर अनधिकृत कब्जेदारों को विनीत खण्ड के ई-डब्लू-एस-भवनों में समायोजित करने के सम्बन्ध में।

निर्णयः — प्रस्ताव वापस लिया गया।

विषय संख्याः 11 — श्री राजवीर सिंह, अवर वर्ग सहायक, आवास विभाग को कर्मचारी कोटे के अन्तर्गत भवन आवंटित किये जाने से सम्बन्धित।

निर्णयः — विचारोपरान्त प्रस्ताव अस्वीकृत किया गया।

विषय संख्याः 12 — श्री वी॰सी॰पाण्डेय को अलीगंज योजना में आवंटित भूखण्ड संख्या बी-62/ई, के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णय : विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

विषय संख्याः 13 — श्री अनूप चन्द्र पाण्डेय को अलीगंज योजना में आवंटित भूखण्ड संख्याःबी-63/ई के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णयः विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

विषय संख्याः 14 — छत्रपति साहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान हेतु विपिन खण्ड, गोमती नगर योजना में प्रस्तावित स्थल के भू-उपयोग परिवर्तन से सम्बन्धित परिचालित प्रस्ताव।

निर्णयः परिचालन द्वारा पारित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

अनु॰विषय संख्याः1 — मूल बजट 95-96 पारित होने की प्रत्याशा में किये गये व्यय की औपचारिक स्वीकृति के सम्बन्ध में।

निर्णयः विचारोपरान्त बजट पारित होने की प्रत्याशा में किये गये व्ययों की स्वीकृति प्रदान की गई।

अनु॰विषय संख्याः2 — मूल बजट 95-96 की स्वीकृति हेतु आख्या।

निर्णयः प्रस्तुत की गई आख्या का अवलोकन किया गया।

अनु॰विषय संख्याः3 — गोमती नगर योजना के अन्तर्गत नेहरू एन्क्लेव में निर्मित भवनों/भूखण्डों से सम्बन्धित।

निर्णयः प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित आवंटियों की मांग पर उनके द्वारा जमा धनराशि बिना कटौती के सब्याज वापस कर दी जाये।

2॰ सेना के अधिकारियों द्वारा न्यायालय में इस आशय का शपथ-पत्र दिया है कि उनके द्वारा आवंटियों के नामों में को।

व्यवधान नहीं उत्पन्न किया जायेगा। अतः यदि कोई आवन्टी इस प्रकार की शिकायत करता है तो उसका शपथ-पत्र न्यायालय मे दाखिल कराया जाये।

3. विवाद को समाप्त कराने हेतु समुचित कार्यवाही की जाये।

अनु॰विषय संख्या:4 रीजरवी से पूर्व पंजीकरण हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

निर्णय: प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया:

1. 3 जनवरी,95 से पूर्व विद्यमान पंजीकरण हस्तान्तरण की प्रक्रिया को पुनःप्रारम्भ करने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गई कि आवन्टी हस्तान्तरण के फलस्वरूप जो भवन/भूखण्ड प्राप्त करेगा उसे पुनः किसी अन्य खण्ड/सेक्टर मे, अपना भवन/भूखण्ड परिवर्तित कराने का अधिकार नही होगा, क्योंकि यह भवन/भूखण्ड वर्तमान स्थिति को देखकर सोच-समझकर उसके द्वारा प्राप्त किया गया है।

2. भवन के स्थान पर भूखण्ड एवं भूखण्ड के स्थान पर भवन परिवर्तित किये जाने पर प्रतिबन्ध पूर्व में लगा दिया गया था इसे संशोधित करते हुए भूखण्ड के स्थान पर भवन परिवर्तित कराने की स्वीकृति प्रदान की गई परन्तु भवन के स्थान पर भूखण्ड परिवर्तित नहीं किया जायेगा।

3. किराया क्रय पद्धति पर आवन्टित भवनो के सम्बन्ध मे यदि किसी आवन्टी द्वारा हस्तान्तरण कराया जाता है तो नये आवन्टी के पक्ष मे अनुबन्ध करने से पूर्व देय अवशेष धनराशि ले ली जाये तभी परिवर्तन स्वीकार किया जाये।

अनु॰विषय संख्या:5 श्री विजयानन्द सिंह को अलीगंज योजना मे आवन्टित भूखण्ड संख्या:सी-42 सेक्टर ए के स्थान पर गोमती नगर योजना मे भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णय : विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु॰विषय संख्या:6 श्री शीश कुमार श्रीवास्तव को अलीगंज योजना मे आवन्टित भूखण्ड के स्थान पर गोमती नगर योजना मे भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु॰विषय संख्या:7 श्री मोहम्मद असलम को अलीगंज योजना में आवंटित भूखण्ड सी-55/ई के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु॰विषय संख्या:8 श्रीमती एवं श्री आदर्श भाटिया को अलीगंज योजना में आवंटित भूखण्ड संख्या: सी-10 ए/बी, सेक्टर सी के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु॰विषय संख्या:9 श्रीमती सुधारानी को रायबरेली रोड में आवंटित भवन संख्या:5/157 रजनी खण्ड के स्थान पर सीतापुर रोड योजना में भवन परिवर्तन के सम्बन्ध में।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु॰विषय संख्या:10 बटलरगंज योजना के भूखण्ड संख्या: 23 को धारा-48(1) के अन्तर्गत अर्जन से अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

निर्णय : प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय किया गया कि अर्जित क्षेत्रों के मध्य छोटे छोटे क्षेत्रों के सम्बन्ध में अलग-अलग प्रस्ताव न लाकर एक साथ प्रस्ताव लाया जाये एवं गुण-अवगुण के आधार पर अर्जन से मुक्त करने अथवा न करने पर विचार किया जाये।

अनु॰विषय संख्या:11 खसरा संख्या: 141,147,152,155,156,158,159,160 ग्राम आदेल नगर परगना व तहसील जिला लखनऊ कुर्सी रोड के भू-उपयोग को बस टर्मिनल से आवासीय में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय: विचारोपरान्त निर्णय किया गया कि उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर अपनी संस्तुति प्रस्तुत करें।

अनु·विषय संख्या:12 महिला प्रशिक्षण एवं स्वयं रोजगार संस्थान, लखनऊ में आयोजित "महिला-95 सम्मेलन" को आर्थिक सहायता से सम्बन्धित।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

अनु·विषय संख्या:13 गोमती नगर योजना के अन्तर्गत सरकारी/अर्द्धसरकारी कर्मचारी/अधिकारी आवास योजना के समस्त पंजीकृत आवेदकों को आश्वासन समिति में दिये गये आश्वासन के अनुपालन में भवन उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित।

निर्णय : प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि जिन आवेदकों के हायर परचेज में पंजीकरण अवशेष हैं, धनराशि वापस नहीं ली गई है उनसे इस बात की सहमति प्राप्त कर ली जाये कि कि क्या वे उपलब्ध अन्य श्रेणी के भवन लेने हेतु सहमत हैं। इसके अतिरिक्त यह भी सहमति प्राप्त की जाये कि क्या वे विनम्र खण्ड, वास्तुखण्ड एवं विनीत खण्ड में प्रस्तावित डिजाइन एवं मूल्य पर भवन प्राप्त करने हेतु सहमत हैं। तदनुसार कार्यवाही की जाये एवं अवशेष पंजीकृत व्यक्तियों हेतु भवन बनाये जाये।

अनु·विषय संख्या:14 गोमती नगर योजना में तृतीय जलकल की स्थापना हेतु भूमि के आवन्टन से सम्बन्धित।

निर्णय : विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि तृतीय जलकल की स्थापना हेतु भूमि निःशुल्क उपलब्ध करा दी जाये। तदुपरान्त प्रतिपूर्ति हेतु शासन को पत्र भेजा जाये।

अनु·विषय संख्या:15 ल·वि·प्रा·की विभिन्न योजनाओं में आवासीय/व्यवसायिक निर्मित सम्पत्ति के निस्तारण हेतु कमीशन एजेन्ट की नियुक्ति से सम्बन्धित।

निर्णय : विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार किया गया। तथा कमीशन एजेन्ट नियुक्ति करने का निर्णय निरस्त ([illegible])

अनु·विषय संख्या:16 निदेशक पंचायतराज को अलीगंज योजना सेक्टर ई में दी गई भूमि पर व्यवसायिक/आवासीय भवन निर्माण की अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय: विचारोपरान्त कार्यालय एवं आवासीय भवन हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया परन्तु व्यवसायिक प्रयोग हेतु प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया।

[illegible]

अनु·विषय संख्या:17 गोमती नगर योजना में पब्लिक स्कूल की स्थापना हेतु 10 एकड़ भूमि के आवन्टन से सम्बन्धित।

निर्णय: प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि इन्टरमीडिएट स्कूल के लिये निर्धारित मानदण्डों के अनुसार विपुल खण्ड गोमती नगर के इन्स्टीट्युशनल क्षेत्र में 10000 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध करा दी जाये। गोमती नगर योजना में अन्य स्थान पर हाईस्कूल/इन्टरमीडिएट स्कूल के लिये जहां भूमि आरक्षित हो उसी से समान क्षेत्रफल को इन्स्टीट्युशनल क्षेत्र में परिवर्तित कर दिया जाये।

2· जिलाधिकारी से स्कूल हेतु भूमि दिये जाने हेतु संस्तुति प्राप्त कर ली जाये।

3· शासन द्वारा निर्धारित शर्तों एवं भुगतान पध्दति के अनुसार भूमि आवन्टित की जाये।

4· विद्यालय के प्रत्येक सेक्शन में तीन प्रवेश की दर से सीटों का आरक्षण प्रत्येक क्लास में किया जाये जिनपर उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण की संस्तुति पर प्रवेश दिया जाये।

अनु·विषय संख्या:18 रीजनल रिसर्च इन्स्टीट्युट आफ् यूनानी मेडीसन को कानपुर रोड योजना में स्थित रिक्त भूमि (ग्रीनबेल्ट) हेतु आरक्षित भूमि में हर्बल गार्डेन की स्थापना हेतु भूमि दिये जाने से सम्बन्धित।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु·विषय संख्या:19 श्री जगदम्बिका पाल, एम·एल·ए·को आवन्टित भूखण्ड ए-3/249 विनय खण्ड में अनिर्माण लेवी न लेने एवं 31·12·96 तक समयवृध्द प्रदान करने से सम्बन्धित।

निर्णय: विचारोपरान्त अनिर्माण लेवी न लिये जाने एवं 31·12·96 तक समय वृध्द दिये जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु·विषय संख्या:20 श्री रामलखन वर्मा को आवन्टित बी-2/147, विपुल खण्ड को किरायाक्रय पध्दति पर परिवर्तित करने के सम्बन्ध में।

निर्णय: विचारोपरान्त किरायाक्रय पध्दति पर परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव

अनु॰विषय संख्या:21	गोमती नगर योजना के विपुल खण्ड में आवंटित भूखण्ड संख्या: 2/1, विपुल खण्ड के मूल्यांकन के सम्बन्ध में।
निर्णय:	प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि विनीत खण्ड में आवन्टन के समय अर्थात जुलाई, 92 में प्रचलित दर रु0 750/- प्र॰वर्गमीटर की दर से धनराशि प्राप्त की जाये।
अनु॰विषय संख्या:22	कानपुर रोड योजना के अन्तंगत आवंन्टित भूखण्ड संख्या:डी-1/874 एच, के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड परिवर्तन।
निर्णय:	विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार किया गया।
अनु॰विषय संख्या:23	राजकीय कार्य सम्पादित करते समय हत्या किये जाने के परिप्रेक्ष्य में भूखण्ड आवन्टन से सम्बन्धित।
निर्णय:	उपाध्यक्ष द्वारा श्रीमती पूर्णिमा पान्डेय, विधवा श्री सतीश चन्द्र पान्डेय को विपुल खण्ड में आवंन्टित भूखण्ड संख्या:6/31 का अनुमोदन किया गया।
अनु॰विषय संख्या:24	श्री आर॰के॰माडवेल को कानपुर रोड योजना में आवंन्टित एम॰आई॰जी॰भवन संख्या:2/200 सेक्टर एच के स्थान पर गोमती नगर योजना में भवन परिवर्तन से सम्बन्धित।
निर्णय:	प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति के प्रत्याशा में उपाध्यक्ष द्वारा किये गये परिवर्तन का अनुमोदन किया गया। परन्तु [illegible]
अनु॰विषय संख्या:25	मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चकबस्त रोड स्थित भूखण्ड संख्या:1 पर प्रस्तावित कार्यालय भवन के मानचित्र की स्वीकृति से सम्बन्धित।
निर्णय :	विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार किया गया।
अनु॰विषय संख्या:26	श्री रत्नाकर एस॰रेकवार द्वारा रामनगर हाउस 17-स्टेशन रोड म्युनिसिपल स0:62/16 पर समूह आवास हेतु क्षेत्रानुपात 2·5 करने के सम्बन्ध में।
निर्णय:	विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण की संस्तुति शासन को भेज दी जाये।

अनु·विषय संख्या:27 हरदोई रोड योजना में 132 के·वी·सब स्टेशन के निर्माण हेतु भूमि के आवन्टन से सम्बन्धित।

निर्णय: निर्णय लिया गया कि 132 के·वी·सबस्टेशन हेतु भूमि नि:शुल्क उपलब्ध करा दी जाये। शासन को प्रतिपूर्ति हेतु पत्र भेज दिया जाये।

अनु·विषय संख्या:28 श्री शरतचन्द्र अवस्थी को रोश्म खण्ड शारदा नगर में आवन्टित भूखण्ड के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु·विषय संख्या:29 श्री प्रकाशनाथ दीक्षित को रोश्म खण्ड में आवन्टित भूखण्ड के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड परिवर्तन।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु·विषय संख्या:30 भूखण्ड संख्या:बी-2/49 विपुल खण्ड पर लगाये गये परिवर्तन शुल्क को माफ़ किये जाने से सम्बन्धित।

निर्णय: विचारोपरान्त परिवर्तन शुल्क माफ़ किये जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु·विषय संख्या:31 श्री मोण प्रसाद मिश्र को आवन्टित भूखण्ड संख्या:सी-1/14 विकास खण्ड पर लगाये गये दण्ड ब्याज को माफ़ किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय: विचारोपरान्त दण्ड ब्याज माफ़ किये जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु·विषय संख्या:32 भूखण्ड संख्या:बी-2/11 विपुल खण्ड गोमती नगर योजना पर लगाये गये परिवर्तनशुल्क को माफ़ किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय: विचारोपरान्त परिवर्तन शुल्क माफ़ किये जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

अनु॰विषय संख्या:33 गोमती नगर योजना में गोल्फ कोर्स विकसित किये जाने से सम्बन्धित।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया। समिति के सदस्यों का चयन मानीटरिंग कमेटी हेतु करने के लिये अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया।

अनु॰विषय संख्या:34 श्री कर्णसिंह चौहान आवन्टी भवन संख्या:ई-/833 विकास खण्ड पर लगाये गये परिवर्तन शुल्क को माफ किये जाने से सम्बन्धित।

निर्णय: विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

<u>अन्य प्रस्ताव</u>

1॰ लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 18॰7॰94 के विषय संख्या:5 पर लिये गये निर्णय के क्रम में अलीगंज योजना के हाईटेन्शन लाइन से आच्छादित क्षेत्र में पड़ रहे भूखण्डो को अन्यत्र समायोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में हाईटेन्शन लाइन से आच्छादित भूखण्ड की आवन्टी श्रीमती मन्जू जौहरी को आवंटित भूखण्ड संख्या:बी-1/4 सी॰एस॰ के स्थान पर गोमती नगर योजना में भूखण्ड उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया।

2॰ श्री आर॰एस॰निगम को आवन्टित भूखण्ड के प्रकरण पर विचार कर निर्णय लिया गया कि इनको जो भूखण्ड आवन्टित किया गया है उसके विरूध्द धनराशि प्राप्त करने हेतु जो मांगपत्र भेजा जाना है उसमें से, श्री निगम को जितनी मुआवजे की धनराशि प्राधिकरण से प्राप्त होनी है, उसे समायोजित करते हुए अवशेष धनराशि का मांगपत्र भेजा जाये।

3॰ सेवारत या सेवानिवृत्त केन्द्र सरकार, राज्य सरकार व केन्द्र तथा राज्य सरकार के निगमों व प्राधिकरणों के अधिकारियों कर्मचारियों को आवंन्टित सम्पत्ति के परिवर्तन शुल्क रू0 35,000/- तक माफ किये जाने का अधिकार उपाध्यक्ष, ल॰वि॰प्रा॰ को दिये जाने का निर्णय लिया गया। माह में 10 व्यक्तियों तक के प्रकरणों पर परिवर्तन शुल्क माफ किये जाने का अधिकार होगा। इसके अतिरिक्त अधिक धनराशि या अन्य विशिष्ट प्रकरणों को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

(हस्ताक्षर)

(एम॰ए॰ए॰खान)
सचिव

(एस॰आर॰लाखा)
उपाध्यक्ष

<u>अनुमोदित</u>

(अतुल कुमार गुप्ता)
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं
आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

विषय सं0 -2

विषय:- गोमती नगर योजना तथा लखनऊ-रायबरेली रोड के मध्य प्रस्तावित 60.0 मी0 चौड़े रिंग रोड एवं सुनियोजित विकास योजना के अन्तर्गत उसके दोनों तरफ की भूमि का अर्जन ।

आख्या:- गोमती नगर योजना तथा लखनऊ-रायबरेली रोड के बीच 60.0 मी0 चौड़ी रिंग रोड को निर्मित करने की घोषणा महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा की गयी है । प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में रिंग रोड के निर्माण तथा गोमती नदी पर पुल के निर्माण के सम्बन्ध में दिनांक 21.12.95 को एक बैठक हुई थी, जिसमें निर्णय लिया गया था कि लखनऊ-फैजाबाद मार्ग तथा लखनऊ-रायबरेली मार्ग के मध्य रिंग रोड का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर व लखनऊ-रायबरेली रोड के मध्य अपनी आवासीय योजना के लिए जो भूमि अधिग्रहीत कर रहा है, उसके साथ-साथ रिंग रोड के लिए भी भूमि अधिग्रहीत करे । यह भी निर्णय लिया गया था कि रिंग रोड पर आने वाली भूमि प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करा दी जायगी एवं रिंग रोड की भूमि के प्रतिकर का भुगतान प्राधिकरण को किया जायेगा । इस बैठक में निर्णय लिया गया था कि अर्जन की कार्यवाही व आवश्यकतानुसार भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही लखनऊ विकास प्राधिकरण दिनांक 31 मार्च, 1996 तक पूरी कर लेगा । (बैठक के कार्यवृत्त की प्रति संलग्नक-1 पर संलग्न है)

दिनांक 15.2.96 को महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में [illegible] के अन्तर्गत लखनऊ के विकास की समीक्षा की गयी थी , जिसमें इस बिन्दु पर विचार-विमर्श हुआ था एवं बैठक में निर्णय लिया गया था कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा गोमती नगर व लखनऊ-रायबरेली रोड के मध्य रिंग रोड हेतु भूमि अर्जन की कार्यवाही तत्काल पूरी की जाय ।

विभिन्न स्तरों पर लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के अधिकारियों के साथ रिंग रोड के एलाइनमेन्ट के सम्बन्ध में बैठक हुई है । बैठकों में लिये गये निर्णयों के अनुसार दिनांक 7.2.96 को उपरोक्त विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया गया तथा रिंग रोड का एलाइनमेन्ट एवं अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का चयन किया गया। निरीक्षण टिप्पणी की फोटोप्रति संलग्नक-2 पर संलग्न है। इसके पश्चात दिनांक 8.2.96 को प्रमुख सचिव आवास की अध्यक्षता में इस सम्बन्ध में बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, निदेशक मण्डी परिषद, प्रबन्ध निदेशक सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे । उपरोक्त बैठक में रिंग रोड के चयनित एलाइनमेन्ट को कुछ सुझाव के साथ अनुमोदित किया गया। बैठक की कार्यवृत्ति संलग्नक-3 पर संलग्न है। इस बैठक में लिए गये निर्णय के क्रम में पुनः दिनांक 8.2.96 को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया जिसकी निरीक्षण आख्या संलग्नक-4 पर संलग्न है । सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग द्वारा दिये गये सुझाव के अनुसार पुल का निर्माण गोमती नदी पर ऐसे स्थान पर कराने का निर्णय लिया गया जहाँ रिंग रोड गोमती नदी को लम्बवत पार करती है । ऐसा करने से प्रस्तावित रिंग रोड कुछ पूरब की तरफ हट गयी है ।

क्रमश.......

लखनऊ महायोजना में जो रिंग रोड दर्शायी गयी है उसके पूरब में 450 मी0 चौड़ाई तक आवासीय प्रयोग रखा गया है । अनियोजित ढंग से अनाधिकृत निर्माण को रोकने के लिए तथा रिंग रोड का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए यह आवश्यक है कि रिंग रोड के चयनित एलाइनमेन्ट से 450 मी0 दूरी तक (पूरब में) भूमि अर्जित की जाय । रिंग रोड के एलाइनमेन्ट लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम आदि विभागों के अधिकारियों द्वारा चयन के उपरान्त पूरब की ओर हट गया है , अतः उसी के अनुसार कुछ अधिक भूमि अर्जित की जानी होगी, जिसका भू-उपयोग महायोजना में कृषि/जंगल दर्शाया गया है ।

गोमती नगर व लखनऊ-सुल्तानपुर रेलवे लाइन के मध्य रिंग रोड के निर्धारित एलाइनमेन्ट के पूरब में 450 मीटर चौड़ी पट्टी तथा पश्चिम में कैन्टोन्मेन्ट तक एवं लखनऊ-सुल्तानपुर रेलवे लाइन व रायबरेली रोड के मध्य पी0जी0आई0 तक भूमि अधिग्रहीत करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है जिस क्षेत्र की भूमि अधिग्रहीत करने का प्रस्ताव है, उसमें मास्टर प्लान के अनुसार एक भाग आवासीय (आर-2), एक भाग कम घनत्व का आवासीय (आर-4), एक भाग क्रीड़ा तथा कुछ कृषि भूमि है । योजना को इकोनॉमिकली वायबिल रखने के कारण कुछ सीमा तक भू-उपयोग के परिवर्तन की भी आवश्यकता होगी । प्रस्तावित भूमि के अन्तर्गत आवास विकास परिषद द्वारा पहले से ही अधिग्रहीत भूमि तथा अन्य विभागों की भूमि को सम्मिलित नहीं किया गया है । अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि का संक्षिप्त विवरण ग्रामवार निम्न प्रकार है :-

ग्राम	प्रकाशित की जाने वाली भूमि (एकड़)	ग्राम समाज की भूमि (एकड़ में)	आबादी/मरघट आदि (एकड़ में)	अन्य विभाग की भूमि (एकड़ में)
देवतमऊ	78.17	–	–	–
उजरियांव	750.53	31.22	–	–
मकदूमपुर	352.62	23.42	7.67	–
दुरसड़िया	45.33	1.00	–	–
हरिहरपुर	626.91	32.02	14.27	–
गोयला	43.06	5.09	–	–
मुजफ्फरनगर घुसड़ी	95.40	18.66	4.46	–
अरौरा	18.33	–	–	–
पुरसैनी कला	34.81	0.380	–	–
मल्हौर	178.96	8.54	5.91	14.54
इब्राहिमपुर	209.63	7.43	24.57	–
चिनहटा	45.64	9.41	–	4.74
कल्ली पश्चिम	135.25	140.25	2.63	–
बगौली मलीनाबाद	851.50	23.05	7.15	39.41
सरसवां	933.40	67.68	21.88	231.03

क्रमशः 18 पर

मलेसेमऊ	453.72	108.98	21.71	-
पुरुषनगर	30.40	0.50	-	-
भकुरपुर	104.26	11.05	7.31	2.36
अहमामऊ	390.45	17.69	9.88	1.69
चाचामऊ	42.73	3.95	2.80	-
अरदौनामऊ	370.18	28.72	3.83	-
कुल योग	5791.28	539.04	134.07	293.77

महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा तत्काल रिंग रोड का निर्माण करने की घोषणा की गयी है अतः भूमि के अधिग्रहण हेतु भूमि अध्याप्ति अधिनियम धारा-17 के प्राविधानों सहित धारा-4 व 6 की विज्ञप्तियाँ प्रकाशित करने का प्रस्ताव है ।

यहाँ पर यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व में 10000 एकड़ भूमि अर्जित करने का प्रस्ताव प्राधिकरण की बैठक दिनांक 13 मई, 1995 में रखा गया था, जिसमें निम्न निर्णय लिया गया था

> "अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी , जिसमें उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, जिलाधिकारी-लखनऊ, विशेष सचिव-आवास, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक सदस्य होंगें । यह समिति अधिग्रहण हेतु भूमि का चयन करेगी । इस समिति के संयोजक उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 होंगें"

इसके पश्चात इस समिति द्वारा अभी तक निर्णय नहीं लिया जा सका है । इसी मध्य महामहिम श्री राज्यपाल की घोषणा व प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि भूमि अर्जन की कार्यवाही 31 मार्च, 1996 तक पूरी कर ली जाये । समिति के सभी सदस्य प्राधिकरण के भी सदस्य हैं, अतः महामहिम श्री राज्यपाल की घोषणा व प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गये निर्णय के क्रम में यह विषय सीधे प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

प्रस्ताव

> "उपरोक्त विवरण के साथ भूमि अधिग्रहण हेतु भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा-17 के प्राविधानों सहित धारा-4 व 6 की विज्ञप्तियाँ प्रकाशित करने व आवश्यकता व नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन करने के अनुमोदन हेतु विषय प्राधिकरण के विचारार्थ प्रस्तुत है"

संलग्नक - 1

दिनांक 21.12.95 को पूर्वान्ह 11 बजे प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में फैजाबाद रोड को सुल्तानपुर रोड व रायबरेली रोडसेमिलाने वाली रिंग रोड तथा पुल के निर्माण के सम्बन्ध में हुई बैठक की कार्यवृत्ति ।

उपरोक्त बैठक में निम्न अधिकारी उपस्थित थे : –

(1) श्री हरीश चन्द्र गुप्ता, प्रमुख सचिव, ल0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ ।
(2) श्री एस0एन0 झा, सचिव, श्री राज्यपाल ।
(3) श्री अतुल कुमार गुप्ता, आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ ।
(4) श्री अनीस अन्सारी, सचिव, कृषि ।
(5) श्री एस0आर0 लाखा, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ ।
(6) श्री के0पी0 सिंह, विशेष सचिव, आवास ।
(7) श्री प्रभुनाथ मिश्रा, निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद ।
(8) श्री डी0एस0 चत्रा, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 सेतु निगम, लखनऊ ।
(9) श्री ललित किशोर, मुख्य अभियन्ता, ल0वि0प्रा0, लखनऊ ।
(10) श्री आर0आर0 चौधरी, मुख्य अभियन्ता, ल0नि0वि0, लखनऊ ।
(11) श्री एस0बी0 मिश्र, अधिशासी अभियन्ता, ल0वि0प्रा0, लखनऊ ।

उक्त बैठक में निम्न विषयों पर विचार विमर्श हुआ : –

बाहरी रिंग रोड का निर्माण:

(1) विचार विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि फैजाबाद रोड को गोमती नगर होते हुए सुल्तानपुर रोड व रायबरेली रोड से मिलाने वाली रिंग रोड का निर्माण किया जाए । उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि फैजाबाद रोड से उत्तर रेलवे लाइन तक सड़क का निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा चुका है तथा उत्तर रेलवे लाइन पर लेवेल क्रासिंग के निर्माण हेतु उत्तर रेलवे को धन उपलब्ध कराया जा चुका है, अतः यह निर्णय लिया गया कि उत्तर रेलवे लाईन से रायबरेली रोड तक अवशेष सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा ।

(2) उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि गोमती नगर और सुल्तानपुर रोड के बीच लगभग 1200 एकड़ भूमि के अर्जन का प्रस्ताव है एवम् इसी भूमि से होकर रिंग रोड गुजरेगी । विचार विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण इस 1200 एकड़ भूमि के अर्जन की कार्यवाही एवम् आवश्यकतानुसार भू उपयोग तथा डेन्सिटी परिवर्तन की कार्यवाही 31 मार्च 96 तक पूरी कर लेगा । जितने क्षेत्र में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि अर्जित की जाएगी उस क्षेत्र में पड़ने वाली रिंग रोड

26.12.95

क्रमशः.....2

की भूमि प्राधिकरण द्वारा लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित की जाएगी एवम् लोक निर्माण विभाग द्वारा अर्जन पर होने वाला व्यय लखनऊ विकास प्राधिकरण को भुगतान किया जाएगा । यह भी निर्णय लिया गया कि जिस क्षेत्र में भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण अधिग्रहीत नहीं कर रहा है उस क्षेत्र में रिंग रोड की भूमि का अर्जन लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।

<u>आउटर रिंग रोड तथा गोमती नदी पर पुल का निर्माण:</u>

1. प्रस्तावित आउटर रिंग रोड को गोमती नदी एक स्थान पर क्रास करती है, अतः यह निर्णय लिया गया कि इस स्थान पर दो लेन का एक पुल बनाया जाए जिसमें भविष्य में दो लेन और बनाने का प्राविधान रहे । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस पुल पर व्यय होने वाली समस्त धनराशि उ0प्र0 राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को उपलब्ध करायी जाएगी । इस बिन्दु पर निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद व सचिव, कृषि ने सहमति व्यक्त की ।

2. यह भी निर्णय लिया गया कि पुल के निर्माण के उपरान्त टोल टैक्स की वसूली उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा किए जाने पर भी विचार किया जाए ।

3. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा इस पुल का निर्माण 30.6.97 तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा सेतु निगम एक समयबद्ध कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा । यह भी निर्णय हुआ कि यदि प्राजेक्ट में विलम्ब हुआ तो किसी प्रकार की मूल्य वृद्धि की उत्तरदायित्व उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद का नहीं होगा । एवम् यह मूल्य वृद्धि लोक निर्माण विभाग द्वारा अथवा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा वहन की जाएगी ।

<u>ला-मार्टीनियर स्कूल के पास गोमती नदी पर प्रस्तावित पुल का निर्माण:</u>

1. उपरोक्त पुल के निर्माण के सम्बन्ध में विचार विमर्श हुआ । श्री बन्सा द्वारा प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल को यह बताया गया कि इस पुल के निर्माण के लिए रेलवे विभाग द्वारा कुछ आपत्ति की जा रही है । सम्भवतः रेलवे विभाग द्वारा निश्चित दूरी के अन्दर पुल बनाने पर अनापत्ति नहीं दी जा रही है, अतः यदि प्रस्तावित पुल को रेलवे लाइन से 400 मीटर से अधिक दूरी पर रखा जाए तो रेलवे से अनापत्ति की आवश्यकता नहीं होगी । विचार विमर्श के उपरान्त आयुक्त लखनऊ मण्डल की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 राज्य सेतु निगम, मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0, एवम् मुख्य अभियन्ता {बाढ़} सिंचाई विभाग की एक समिति बनाई गई एवम् यह निर्णय लिया गया कि

क्रमशः 3

यह समिति अपने स्तर पर बैठक करके व स्थल निरीक्षण करके प्रस्तावित पुल के स्थल को अन्तिम रूप देगी तथा यह भी सुझाव दिया गया कि उत्तर रेलवे के स्थानीय अधिकारी को बैठक में विशेष आमन्त्री के रूप में बुला लिया जाए । उपरोक्त समिति द्वारा पुल के स्थल चयन के सम्बन्ध में अपनी संस्तुति दिनांक 15.1.96 तक प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल को उपलब्ध कराई जायेगी।

2. यह भी निर्णय लिया गया कि दो लेन के इस पुल पर होने वाला व्यय लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वहन किया जाएगा ।

3. बैठक में प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल द्वारा यह निर्देश दिया गया कि पुल के आस पास जो लो लाईंग एरिया बन जाती है एवं यदि उसका भू-उपयोग ग्रीन बेल्ट नहीं है तो उसमें बहुमंजिले [illegible] भवनों का ही निर्माण किया जाए ।

यह भी निर्णय लिया गया यदि उपरोक्त समस्त कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण हो जाती है तो दिनांक 26 जनवरी 1996 को पुल का शिलान्यास करने हेतु महामहिम श्री राज्यपाल से अनुरोध किया जाएगा ।

26.12.95

। एस0आर0 लाखा ।
उपाध्यक्ष
विकास प्राधिकरण, लखनऊ ।

<u>अनुमोदित</u>

। सुशील चन्द्र त्रिपाठी ।
प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल,
उत्तर प्रदेश ।

28/12 — पर शीघ्र सभी स्तर पर कार्यवाही पूर्ण करने की अपेक्षा की गई है ।

संलग्नक-2

लखनऊ में प्रस्तावित रिंग मार्ग व गोमती नदी पर सेतु के स्थान के सम्बन्ध में संयुक्त निरीक्षण टिप्पणी

दिनांक 7.2.96 को फैजाबाद मार्ग के कि0 मी0 8.50 से लखनऊ सुल्तानपुर रोड एवं लखनऊ रायबरेली रोड होते हुए लखनऊ कानपुर मार्ग के बीच प्रस्तावित रिंग मार्ग के एलाइनमेन्ट का निम्न अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण प्रातः 10.0 बजे से सायः 4.30 बजे तक किया गया ।

1. श्री भूपेन्द्र सिंह, अपर सचिव, लो0 नि0 वि0 प्रा0
2. श्री ललित किशोर, मुख्य अभियन्ता, लो0 नि0 प्रा0
3. श्री सी0 एम0 सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, लो0 नि0 वि0
4. श्री आर0 एन0 माटनागर, महाप्रबन्धक, उ0 प्र0 सेतु निगम,
5. श्री एस0 बी0 मिश्र, अधीक्षण अभियन्ता, लो0 नि0 प्रा0
6. श्री आर0 के0 माथुर, अधिशासी अभियन्ता, लो0 नि0 वि0
7. श्री आर0 एस0 दिवाकर, अधिशासी अभियन्ता, लो0 नि0 प्रा0
8. श्री एम0 ए0 सिद्दीकी, सहायक अभियन्ता, लो0 नि0 वि0
9. श्री तिवारी, सहायक अभियन्ता मण्डी परिषद,
10. श्री हुण्डी सिंह, अवर अभियन्ता, लो0 नि0 वि0

